आ गया हिंदी का पहला विज्ञान कैलेंडर।

14 नवम्बर भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के जन्म-दिवस के रूप में जाना जाता है। जवाहर लाल नेहरू ने देश में सीएसआईआर के माध्यम से वैज्ञानिक अनुसंधानों की जो नींव रखी, उसी की बदौलत आज हम विश्व का सबसे सस्ता मंगलयान भेजने का गौरव हासिल कर पाए हैं।



जवाहर लाल नेहरू के इस वैज्ञानिक दृष्टिकोण के कारण ही उनका जन्मदिन विज्ञान जगत में भी आदर की दृष्टि से देखा जाता है। पर यदि यह पूछा जाए कि 14 नवम्बर को और किसका जन्मदिन पड़ता है, तो शायद बहुत सारे लोग बगलें झांकने लगें।

इसकी मुख्य वजह यह भी है कि हम अपने दैनिक जीवन में विज्ञान को सिर्फ उसके दैनन्दिन आविष्काखरों के कारण ही जानते हैं। विज्ञान से जुड़ी हुई विश्व की महान शख्सियतों को तो छोड़ ही दीजिए, हम अपने देश की महत्वपूर्ण वैज्ञानिक हस्तियों से परिचित नहीं हैं। इसी कारण हम 14 नवम्बर को जवाहर लाल नेहरू का जन्मिदिन तो मनाते हैं, पर प्रख्यात पुरावनस्पति विज्ञानी बीरबल साहनी को भूल जाते हैं।

इसकी एक वजह यह भी रही है कि अभी तक हमारे पास कोई ऐसा वैज्ञानिक कैलेंडर उपलब्ध नहीं रहा है, जिसमें तिथिवार वैज्ञानिक उपलब्धियों का लेखा-जोखा सरल भाषा में उपलब्ध कराया गया हो। शायद इसी कमी को महसूस कर देश के अग्रणी वैज्ञानिक संस्थान 'विज्ञान प्रसार' ने पहली बार हिन्दी में 'विज्ञान कैलेण्डर' का प्रकाशन किया है।

404 पृष्ठों के इस विशाल कैलेण्डर में वर्ष भर की सभी तिथियों से जुड़ी वैज्ञानिक घटनाओं को सचित्र रूप में प्रकाशित किया गया है। इन घटनाओं में वैज्ञानिक उपलब्धियां ही नहीं वैज्ञानिकों के जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं को भी समान रूप से स्थानन दिया गया है, जिससे यह पुस्तंक पठनीय ही नहीं संग्रहणीय भी हो गयी है।

पुस्तक के संग्रहकर्ता कृष्ण कुमार मिश्र एक चर्चित विज्ञान लेखक हैं। वे वर्तमान में मुंबई के होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केन्द्र में रीडर हैं और अब तक विज्ञान से सम्बंयधित उनकी एक दर्जन से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं।

विज्ञान संचार के क्षेत्र में '**विज्ञान प्रसार**' एक चर्चित नाम है। उसने हाल के वर्षों में विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट

वैज्ञानिक पुस्तकों का प्रकाशन किया है। ये पुस्तकें न सिर्फ ज्वलंत विषयों से सम्बद्ध हैं, वरन अपनी 'क्वालिटी' और 'प्राइस' के कारण भी सराही जाती रही हैं। 'विज्ञान कैलेंडर' इस श्रंखला की एक महत्व पूर्ण कड़ी साबित होगी, इसका मुझे पूर्ण विश्वास है।

पुस्तक: विज्ञान कैलेंडर
लेखक/संकलनकर्ता: कृष्ण कुमार मिश्र
प्रकाशक: विज्ञान प्रसार, ए-50, इंस्टीणट्यूशनल एरिया, सेक्टर-62, नोएडा-201309, उ0प्र0, ईमेल: info@vigyanprasar.gov.in फोन: 0120-2404430, 35
पृष्ठ: 405
मूल्य: 200 रू0
,
प्रस्तुतकर्ता : DrZakir Ali Rajnish